>

Title: Regarding providing electronic gadgets to school children for online education in Delhi-laid.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): मैं सरकार का ध्यान उन बच्चों की तरफ दिलाना चाहता हूं जो कोरोना के कारण स्कूल बंद होने से शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी झेल रहे हैं क्योंकि पढ़ाई ऑनलाइन की जा रही है लेकिन दिल्ली में लगभग 16 lakh बच्चे दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं तथा इन बच्चों के निवास गांव में, अनियमित कॉलोनी में, झुग्गी – झोपड़ी या जे. जे. कॉलोनियों में है उनमें ज्यादातर के अभिभावक दिल्ली में रोजी – रोटी कमाने, मजदूरी कर गुजारा करने आए हैं वो मोबाइल या टैब का खर्चा उठाने में असमर्थ हैं तथा वहीं पिछले 2 वर्ष से दिल्ली सरकार का नए कमरे बनाना जैसा कार्य भी बंद है करोड़ों रुपए की इमारतें अब काम नहीं आ रही है इसलिए कोरोना काल के बिल्डिंग बनाने वाले फंड का उपयोग सरकार उन बच्चों को मोबाइल या टैब की व्यवस्था कराने में करे । ऐसा मेरा निवेदन है उन होनहार देश के कल का भविष्य खराब ना हो वो अपनी पढ़ाई कर सकें ।